CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

□ वर्ष- 29 □ अंक- 299 □ रायपुर, मंगलवार 24 नवम्बर 2026 □ पृष्ठ-8 □ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

पुलिस की उदासीनता को लेकर व्यापारियों ने मंत्री को घेरा

राजेश अग्रवाल ने टीआई को फोन लगाकर कहा- पुलिस भेजिए और मुझे छुड़ाएं



अंबिकापुर, 24 नवम्बर (हाईवे चैनल)। सोशल मीडिया पर छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह थाना प्रभारी को फटकार लगाते दिख रहे हैं. कह रहे हैं अगर चोर नहीं पकड़े जा रहे, तो मुझे छुड़ाने आ जाएं या पुलिस टीम भेजें. पूरा मामला ट्रेडिंग कंपनी में हुए 50 लाख रुपये की चोरी से जुड़ा हुआ है. पुलिस कार्रवाई में देरी को लेकर व्यापारियों में भारी नाराजगी है.

अग्रसेन भवन में सोमवार शाम को व्यापारी घटना से अवगत कराते हुए मंत्री राजेश अग्रवाल से कहते हैं कि पुलिस मामले में केस दर्ज करने के बाद कोई एक्शन नहीं ले रही है. आरोप लगाया कि थाना प्रभारी को खर्चा पानी भी दिया गया, लेकिन कार्रवाई नहीं हो रही है. इसके बाद मंत्री राजेश ने जेब से अपना फोन निकाला और सीधे संबंधित कोतवाली थाना प्रभारी को कॉल मिलाया. मंत्री ने कहा कि 40-50 व्यापारियों ने मुझे घेरकर बैठा लिया है. अगर चोरों को नहीं पकड़ पा रहे हैं, तो मुझे छुड़ाने आ जाएं.

मंत्री के इस तेवर के बाद थाना प्रभारी ने मामले में दो दिन के भीतर कार्रवाई करने की मोहलत मांगी. अब व्यापारियों को चोरी मामले में आरोपियों के खिलाफ एक्शन लेने की उम्मीद है. खरसिया नाका स्थित अग्रवाल ट्रेडिंग कंपनी के संचालक कान्हा अग्रवाल ने करीब एक महीने पहले कोतवाली थाना में 50 लाख रुपये के चोरी की शिकायत की थी. फर्म में पिछले छह साल से काम करने वाली बिलिंग ऑपरेटर अंजुम निशा और पूर्व कर्मचारी रविंद्र यादव उर्फ विक्की पर फर्जी सील और रसीदें तैयार करने का आरोप लगाया गया है. इसके माध्यम से बीते 4 महीनों में कंपनी का सामान पिकअप और अन्य वाहनों के जरिए गंगापुर स्थित एक अन्य गोदाम में खपाया गया. कंपनी कर्मचारी के खुलासे पर मिलान किया गया, तब 50 लाख रुपये से अधिक की हेराफेरी सामने आई. इस मामले में मंत्री के हस्तक्षेत्र के बाद पुलिस की कार्रवाई पर सभी की निगाहें हैं.

खारून नदी में पुण्य स्नान के लिए सुबह से उमड़ी भारी भीड़



रायपुर, 24 नवम्बर (हाईवे चैनल)। पुत्री मेला के पावन अवसर पर महादेव घाट में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। कार्तिक पूर्णिमा के स्नान के लिए देर रात से ही श्रद्धालुओं का महादेव घाट पहुंचना शुरू हो गया था, और सुबह होते-होते पूरा घाट श्रद्धालुओं से खचाखच भर गया।

आज सुबह 6 बजे से ही खारून नदी में पुत्री स्नान के लिए लंबी-लंबी कतारें लग गईं। बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं और युवा सभी ने आस्था की डुबकी लगाकर प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने हटकेश्वरनाथ महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना और जलाभिषेक किया। घाट के आसपास मेला क्षेत्र में भी भारी भीड़ देखने को मिली। दुकानों, प्रसाद स्टॉल, झूले और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लोगों की जबरदस्त उपस्थिति रही। भीड़ को देखते हुए घाट पर सुरक्षा और व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए गए हैं।

भूपेश बघेल ने लगाई आस्था की डुबकी



कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मंगलवार सुबह महादेव घाट पहुंचे. उन्होंने खारुन नदी के ठंडे पानी में अल सुबह आस्था की डुबकी लगाई. हर साल की तरह उन्होंने इस बार भी गुलाटी मारकर पानी में कूद गए. दरअसल कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर महादेव घाट में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी है. बड़ी संख्या में लोग खारुन नदी में पवित्र स्नान करने पहुंचे. धार्मिक मान्यता के अनुसार कार्तिक पूर्णिमा पर नदी में स्नान और पूजा-अर्चना का विशेष महत्व है. इसी परंपरा के तहत भूपेश बघेल ने आज कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर सुबह रायपुर के महादेव घाट पहुंचकर खारून नदी में स्नान किया. पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पहुंचने से घाट पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं की मौजूदगी भी रही. भूपेश बघेल ने स्नान के बाद दीपदान किया और प्रदेश की खुशहाली की कामना की. इसके बाद उन्होंने परंपरा अनुसार हटकेश्वर महादेव को जल अर्पित कर पूजा-अर्चना की. महादेव घाट रायपुर का प्रमुख धार्मिक स्थल है, जहां विशेष पर्वों और धार्मिक अवसरों पर आसपास के क्षेत्रों से श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचते हैं. साथ ही आज से तीन दिनों तक कार्तिक पूर्णिमा मेला लगेगा.

ब्रेकिंग न्यूज

नेपाल में आये भूकंप ने बिहार और बंगाल को हिला डाला

नई दिल्ली, 24 नवम्बर (न्यूज चैनल)। भूकंप के झटकों ने एशिया के कई देशों को हिलाकर रख दिया है। । भारत, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश और चीन में एक साथ भूकंप के झटके लगे हैं। बिहार के विभिन्न हिस्सों में आज सुबह-सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिससे सुबह की शुरुआत के साथ ही लोगों में हलचल मच गई। राजधानी पटना से लेकर उत्तर बिहार और सीमांचल के कई जिलों तक धरती में कंपन का असर देखा गया। बिहार के अलावा बंगाल के सिलिगुड़ी और नेपाल के कोशी में सुबह-सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता 5.4 रही। फिलहाल किसी बड़े नुकसान या जनहानि की जानकारी सामने नहीं आई है।

एसीबी-ईओडब्ल्यू की कार्रवाई पर सीएम साय का बयान, बोले- पिछले तीन साल से दोषियों पर कार्रवाई जारी

रायपुर, 24 नवम्बर (हाईवे चैनल)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को प्रकाश पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही उन्होंने छत्तीसगढ़ में एंटी करप्शन ब्यूरोऔर आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा की लगातार हो रही कार्रवाई को लेकर बड़ा बयान दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पिछले तीन साल से दोषियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।

सीएम साय ने आगे कहा कि जो भी लोग जांच में दोषी पाए जा रहे हैं, उनके खिलाफ सख्ती के साथ कार्रवाई की जा रही है। सरकार की ओर से किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जा रहा है। एसीबी और ईओडब्ल्यू द्वारा विभिन्न मामलों में की जा रही कार्रवाई को लेकर मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। बता दें कि हाल ही में कोरबा में एसीबी की बड़ी कार्रवाई देखने को मिली थी। टीम ने रिश्वतखोरी मामले में त्रस्त्र असिस्टेंट कमिश्नर आंचल गिरी को गिरफ्तार किया था।

तनाव के बीच शेख हसीना 16 दिसंबर को लौटेंगी बांग्लादेश

नई दिल्ली, 24 नवम्बर (न्यूज चैनल)। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने 16 दिसंबर को अपने देश लौटने की योजना की घोषणा की है। उन्होंने राष्ट्रीय विमानन कंपनी बिमान बांग्लादेश एयरलाइंस से दिल्ली से उड़ान की मांग की है। उनकी प्रस्तावित वापसी मृत्युदंड, प्रत्यर्पण अनुरोध और बढ़ते राजनीतिक तनाव के बीच हो रही है। यह पहली बार है जब उन्होंने अपनी वापसी की तारीख तय की है। बांग्लादेश में राजनीतिक और कानूनी तनाव लगातार बढ़ रहा है।



16 दिसंबर बांग्लादेश में विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह 1971 में पाकिस्तान से देश की मुक्ति का प्रतीक है। हसीना के प्रवक्ता सैयद मोजम्मेल अली के अनुसार पूर्व प्रधानमंत्री इस अवसर पर ढाका लौटना चाहती हैं। हसीना 15 साल के शासन को समाप्त करने वाले छात्र-नेतृत्व वाले विद्रोह के बाद देश छोड़कर भागी थीं। वह दो साल से अधिक समय पहले भारत में निर्वासन में चली गई थीं। उन्होंने बांग्लादेश सरकार से दिल्ली से उनके परिवहन की व्यवस्था करने का आग्रह किया है। उनका तर्क है कि सरकार की जिम्मेदारी है कि वह उनकी वापसी में सहायता करे।

यह घोषणा हसीना द्वारा नए बांग्लादेशी पासपोर्ट और राष्ट्रीय पहचान पत्र (एनआईडी) मांगने के हफ्तों बाद आई है। उन्होंने अपनी वापसी को सुविधाजनक बनाने के लिए ये दस्तावेज मांगे थे। अगस्त 2024 में भारत भागने के बाद उनके मौजूदा दस्तावेज रद कर दिए गए थे। उनके कानूनी प्रतिनिधियों, लंदन स्थित मैट्रिक्स चैंबर्स ने 9 नवंबर को बांग्लादेश हाई कमीशन से संपर्क किया। उन्होंने नई दिल्ली में दस्तावेज के जारी करने की मांग की थी।

बांग्लादेश सरकार ने हसीना के अनुरोध के कानूनी आधार पर सवाल उठाया है। सरकार ने कहा कि वह उन्हें यात्रा दस्तावेज जारी नहीं करेगी। ढाका का कहना है कि हसीना की वापसी भारत और बांग्लादेश के बीच मौजूदा प्रत्यर्पण संधि के माध्यम से होनी चाहिए। बांग्लादेश के अधिकारियों ने भारत से उनके प्रत्यर्पण का औपचारिक अनुरोध किया है। भारतीय अधिकारी इस अनुरोध की उचित कानूनी प्रक्रिया से जांच कर रहे हैं।

जेल से रिहा हुए अमित बघेल



रायपुर, 24 नवम्बर (हाईवे चैनल)। हेट स्पीच मामले में जेल में बंद जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष अमित बघेल सोमवार को रिहा हो गए। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद उन्हें रिहाई मिली। जेल से बाहर आते ही समर्थकों ने उनका भव्य स्वागत किया। जेल के बाहर बड़ी संख्या में समर्थकों और पार्टी पदाधिकारियों का जमावड़ा लगा रहा। इस दौरान आतिशबाजी की गई और ढोल-डीजे के साथ जश्न मनाया गया। जेल से निकलने के बाद अमित बघेल सीधे गुरुघासीदास बाबा चौक स्थित महतारी अंगना पहुंचे। यहां उन्होंने छत्तीसगढ़ महतारी की आरती की। इस दौरान छत्तीसगढ़िया समाज के लोगों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद शहर में जगह-जगह उनका स्वागत किया गया।

जेल से रिहा होने के बाद अमित बघेल ने ऐलान किया कि आने वाले दिनों में अडानी के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि छत्तीसगढ़िया लोगों के ऊपर बीजेपी और कांग्रेस की सरकार अत्याचार कर रही है। सभी लोगों को 2028 का इंतजार है। सभी छत्तीसगढ़िया लोग इस सरकार को भगाने का काम करेंगे। उन्होंने बताया कि पार्टी की आगामी रणनीति को लेकर बैठक की जाएगी।

महिला कांग्रेस में फेरबदल, 17 जिलों में नई अध्यक्षों की नियुक्ति

रायपुर, 24 नवम्बर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस में संगठनात्मक बदलाव करते हुए 17 जिलों में नए जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा की मंजूरी से जारी सूची में रायपुर और बिलासपुर को शहर व ग्रामीण इकाइयों के रूप में अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है।

रायपुर शहर में प्रगति बाजपेयी और ग्रामीण में बरखा साहू को अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं बिलासपुर शहर की जिम्मेदारी प्रीति पटनवार और ग्रामीण की कमान सीमा पांडे को मिली है।

अन्य जिलों में भी नई नियुक्तियां की गई हैं। इन नियुक्तियों में क्षेत्रीय और सामाजिक समीकरणों को साधने की कोशिश की गई है। कांग्रेस का लक्ष्य महिला संगठन को मजबूत कर जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय करना है।

सीएम साय 26 नवंबर को लगाएंगे जनदर्शन

रायपुर, 24 नवम्बर (हाईवे चैनल)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जनदर्शन कार्यक्रम गुरुवार 26 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री निवास, सिविल लाइन, रायपुर में दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री आमजनों से सीधे मुलाकात कर उनकी समस्याएं और मांगें सुनेंगे।



जनदर्शन के दौरान मुख्यमंत्री साय नागरिकों की समस्याओं से रूबरू होंगे और उनके त्वरित एवं उचित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे। इस दौरान आमजन अपनी समस्याएं, मांगें और सुझाव सीधे मुख्यमंत्री के समक्ष रख सकेंगे। बता दें कि लंबे समय के बाद एक बार फिर मुख्यमंत्री निवास में जनदर्शन कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है। ऐसे में आमजनों को मुख्यमंत्री से सीधे मुलाकात कर अपनी समस्याएं और मांगें रखने का अवसर मिलेगा। जनदर्शन के माध्यम से मुख्यमंत्री आम लोगों की शिकायतों को सुनेंगे और उनके समाधान की दिशा में पहल करेंगे।

15 करोड़ की डील, हर महीने 60 करोड़ का हिसाब! रायपुर में आधी रात खुली कोर्ट

रायपुर, 24 नवम्बर (हाईवे चैनल)। महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप मामले में ईडी की जांच अब कथित हवाला नेटवर्क, करोड़ों के लेन-देन और न्यायिक अधिकारियों को प्रभावित करने के आरोपों तक पहुंच गई है। ईडी की रिमांड अर्जी में हिमांशु शेखर उर्फ मोहित पर सट्टा ऐप प्रमोटरों से मोटी रकम लेने और उन्हें कानूनी मामलों में राहत दिलाने का भरोसा देने के आरोप लगाए गए हैं।

रायपुर की पीएमएलए स्पेशल कोर्ट में इस मामले की सुनवाई 23 नवंबर की रात 10.45 बजे शुरू हुई और 24 नवंबर की रात करीब 1 बजे तक चली। अदालत ने हिमांशु को 28 नवंबर तक ईडी की कस्टोडियल रिमांड पर भेज दिया। इस मामले में पहली बार सुनवाई आधी रात के बाद तक चलने की बात सामने आई है। ईडी के अधिकारी हिमांशु शेखर को 23 नवंबर की रात करीब 10 बजे रायपुर की पीएमएलए स्पेशल कोर्ट में पेश करने पहुंचे थे। रात 10.45 बजे सुनवाई शुरू हुई। ईडी की ओर से सौरभ पांडेय ने पक्ष रखा, जबकि हिमांशु की तरफ से फैजल रिजवी ने पैरवी की। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश अमित राठौर ने आरोपी को 28 नवंबर तक ईडी की रिमांड पर भेजने का आदेश दिया। ईडी की रिमांड अर्जी में सौरभ चंद्राकर के बयान का हवाला देते हुए बताया गया कि अक्टूबर 2023 की शुरुआत में मुंबई स्थित कुरैशी प्रोडक्शंस में तलाशी के दौरान महादेव ऑनलाइन बुक से जुड़े वसीम कुरैशी ने मदद मांगी थी। इसके बाद दुबई में महादेव बुक के प्रमोटरों और हिमांशु शेखर के बीच मुलाकात कराई गई। आरोप है कि इस बैठक में आपराधिक मामलों में राहत दिलाने के बदले 15 करोड़ रुपये देने की बात हुई। ईडी के अनुसार, सौरभ चंद्राकर ने अपने बयान में आरोप लगाया कि हिमांशु प्रमोटरों को भरोसा दिलाता था कि उनके खिलाफ चल रहे मामलों में राहत दिलाने के लिए वकीलों और जजों से बात हो चुकी है।

